# सीएसए में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, 30 यूनिट रक्त एकत्रित




**(संवाददाता दीक्षालय प्रवाह)**

कानपुर। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कुलपति डॉ संजीव गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में जीवनधारा चौरिटेबल ब्लड सेंटर, कानपुर के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रश्मि सिंह के नेतृत्व में किया गया। इसमें कानपुर परिसर की विभिन्न एनएसएस इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की, जिनमें डॉ. राजीव कुमार, एनएसएस इकाई–01, डॉ. अरुण कुमार एनएसएस इकाई–02, डॉ. संघमित्रा महापात्रा एनएसएस इकाई–03 तथा डॉ. उमनाथ शुक्ला एनएसएस इकाई–07 और डॉ. अर्चना सिंह और डॉ. एकता शर्मा शामिल रहे। टीचिंग एसोसिएट्स एलेना तकहेल्लामबम एवं स्वप्निल सिंह ने भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सहभागिता की। कार्यक्रम में कुलपति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि निदेशक, छात्र कल्याण ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया तथा स्मृति–चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में कुल 150 विद्यार्थियों, जिनमें 66 छात्राएं एवं 84 छात्र शामिल थे, ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा जीवन बचाने के इस पुनीत कार्य में योगदान देने के लिए प्रेरित करना था। रक्तदान के साथ–साथ प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क हीमोग्लोबिन परीक्षण एवं बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) मापन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिला। प्रतिभागियों को जलपान भी उपलब्ध कराया गया। शिविर का सफल आयोजन विश्वविद्यालय एवं एनएसएस इकाइयों की सामाजिक उत्तरदायित्व, सामुदायिक सेवा, स्वैच्छिक रक्तदान तथा स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष: 18 अंक : 70 कानपुर, मंगलवार 08 सितम्बर 2026 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य: 2.00 रुपए

# राष्ट्रीय स्वरूप

सामाजिक एकता की खूबसूरत तस्वीर पेश तहजीब की जीवंत मिसाल बना हुआ है।

## सीएसए में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, 30 यूनिट रक्त एकत्रित

कानपुर। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कुलपति डॉ संजीव गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में जीवनधारा चैरिटेबल ब्लड सेंटर, कानपुर के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रश्मि सिंह के नेतृत्व में किया गया। इसमें कानपुर परिसर की विभिन्न एनएसएस इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की, जिनमें डॉ. राजीव कुमार, एनएसएस इकाई-01; डॉ. अरुण कुमार एनएसएस इकाई-02; डॉ. संघमित्रा महापात्रा एनएसएस इकाई-03; तथा डॉ. उमनाथ शुक्ला एनएसएस इकाई-07 और डॉ. अर्चना सिंह और डॉ. एकता शर्मा शामिल रहे। टीचिंग एसोसिएट्स एलेना तकहेल्लामबम एवं स्वप्निल सिंह ने भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सहभागिता की। कार्यक्रम में कुलपति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि निदेशक, छात्र कल्याण ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।



अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया तथा स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में कुल 150 विद्यार्थियों, जिनमें 66 छात्राएं एवं 84 छात्र शामिल थे, ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा जीवन बचाने के इस पुनीत कार्य में योगदान देने के लिए प्रेरित करना था। रक्तदान के साथ-साथ प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क हीमोग्लोबिन परीक्षण एवं बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) मापन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिला। प्रतिभागियों को जलपान भी उपलब्ध कराया गया। शिविर का सफल आयोजन विश्वविद्यालय एवं एनएसएस इकाइयों की सामाजिक उत्तरदायित्व, सामुदायिक सेवा, स्वैच्छिक रक्तदान तथा स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# Blood camp at CSA University

A voluntary blood donation camp held at Chandrashekhar Azad University of Agriculture and Technology in Kanpur collected 30 units of blood, with 150 students participating. The National Service Scheme organised the camp in association with Jeevandhara Charitable Blood Center, Kanpur, under the guidance of vice-chancellor Dr Sanjeev Gupta and the leadership of NSS programme coordinator Dr Rashmi Singh. The participants included 66 female and 84 male students.

Times Of India 08/09/2026

हिंदुस्तान 08/09/2026

# सीएसए में लगा शिविर, 30 यूनिट हुआ रक्तदान

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (सीएसए) में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें 30 यूनिट रक्तदान किया गया। आयोजन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रश्मि सिंह की देखरेख में हुआ। शुभारंभ कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने किया। 150 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। डॉ. राजीव कुमार, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. संघमित्रा महापात्रा, डॉ. उमानाथ शुक्ला, डॉ. अर्चना रहे।

दैनिक जागरण 08/09/2026

# रक्तदान कर दिया जीवन बचाने का संदेश

**कानपुर** : सीएसए में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जीवनधारा चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सहयोग से आयोजित शिविर में 30 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। शिविर में 150 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कुलपति डा. संजीव गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आयोजन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डा. रशिम सिंह के नेतृत्व में हुआ। जासं

# सीएसए में ब्लड डोनेशन कैंप

kanpur@inext.co.in

**KANPUR (7 Sept):** चंद्रशेखर आजाद एग्रीकल्चर एंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मंडे को स्वैच्छिक ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया. वीसी डॉ.संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में जीवनधारा चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया.

कॉर्डिनेशन डॉ.रश्मि सिंह ने किया. कैंप में कुल 150 स्टूडेंटस नेब्लड डोनेट किया. स्टूडेंट्स के लिए फ्री ब्लड टेस्ट और बीएमआई की व्यवस्था की गई. इस अवसर पर डॉ.खलील खान, डॉ.संघमित्रा. डॉ.उमानाथ,डॉ.अर्चना सिंह व अन्य प्रोफेसर्स मौजूद रहे.

दैनिक जागरण आइ नेक्स्ट 08/09/2026